**BEFORE THE NATIONAL GREEN TRIBUNAL**
**CENTRAL ZONE, BHOPAL**
**ORIGINAL APPLICATION NO. 135 OF 2023**

**IN THE MATTER OF:**

**Devendra Rai** **…APPLICANT**

**VERSUS**

**State of MP. & Ors.** **…..RESPONDENT(S)**

**INDEX**

| SR. NO | PARTICULARS | PAGE NO. |
|---|---|---|
| 1. | Factual and Action Taken Report dated 28.11.2023 in compliance of order dated 11.10.2023 issued by Hon'ble National Green Tribunal in the matter of O.A No.135/2023(CZ) (Devendra Rai Vs. State of MP. & Others.). | 1-28 |

Date: 30.11.2023 FILED BY



BHOPAL

**PARUL BHADORIA**
**Advocate for Respondent No. 1 i.e., MPPCB**
Ph. No.: (+91)-8085977111;
Email:parul.bhadoria04@gmail.com

# कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी एवं दण्डाधिकारी बीना जिला सागर म.प्र.

क्रमांक /1529/रीडर एस.डी.एम./2023 बीना दिनांकः–28 /11/2023

प्रति,

श्रीमान कलेक्टर महोदय
जिला सागर म.प्र.

विषय – जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने विषयक।

संदर्भ – कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सागर का आदेश क्रमांक/1064/क्षे.का./प्रनिबो/2023 सागर, दिनांक 21/11/2023

——000——

उपरोक्त विषयांतर्गत एवं संदर्भित पत्र के क्रम में निवेदन हैं कि शिकायतकर्ता श्री देवेन्द्र कुमार राय निवासी ग्राम बुखरा तह. बीना द्वारा ग्राम बुखारा तह. बीना स्थित भूमि सर्वे नंबर 752/1 में क्षेत्रफल 6.6300 हे. शासकीय भूमि पर नंदराम कुशवाहा पिता स्व. मेहरबान कुशवाहा एवं बलराम कुशवाहा पिता स्व. मेहरबान दोनो निवासी ग्राम बुखारा तहसील बीना के द्वारा शासकीय भूमि पर बेजा कब्जा करने के उददेश्य से प्रश्नाधीन शासकीय भूमि के प्राकृतिक स्वरूप से छेड–छाड करते हुये कुल्हाडी एवं ट्रेक्टर क्रमांक एम.पी 15 एल 5771 से प्रश्नाधीन शासकीय भूमि पर प्राकृतिक रूप से लगे हुये पेड–पौधो को नष्ट किया गया। शिकायतकर्ता द्वारा उक्त भूमि को संरक्षित कर शासकीय भूमि पर कृषि कार्य पर रोक लगाये जाने एवं बेजा कब्जा मुक्त कराकर अतिक्रमण करने वाले एवं पर्यावरण को क्षति पहुंचाने वालो के विरूद्ध सख्त कार्यवाही किये जाने से संबंधित शिकायत नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल कोर्ट भोपाल में की गयी है। उक्त शिकायत के संबंध में श्रीमान के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व) बीना एवं क्षेत्रीय अधिकारी म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सागर से वस्तुस्थिति की जांच कर एक्शन टेकन रिपोर्ट निर्धारित समय–सीमा में चाही गयी है।

उक्त शिकायत के क्रम में मेरे द्वारा, क्षेत्रीय अधिकारी म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सागर, तहसीलदार तहसील बीना, हल्का पटवारी 39 ग्राम बुखारा एवं ग्रामीणों के समक्ष मौके पर जाकर जांच की गयी। ग्राम बुखारा के शासकीय भूमि खसरा नंबर 752/1 रकवा 6.63 हे. भूमि पर वर्तमान में किसी भी प्रकार का कोई वृक्ष नही कटा हुआ नही पाया गया है। मौके पर उपस्थित पंचगणों ने बताया है कि पिछले 15–20 वर्षों में इस शासकीय भूमि पर कोई वृक्ष नहीं काटे गये है। 15–20 वर्षो से उक्त भूमि पर मैंने कोई वन या जंगल नही देखा है और न ही वहां कोई वन्य प्राणी का आवास देखा है। उक्त भूमि पर कभी कोई वृक्ष नही काटे गये है, न ही पर्यावरण को क्षति हुई है और न ही किसी प्राकृतिक स्वरूप में छेडछाड हुई है। मौके पर उपस्थित श्री चन्द्रभान राय पिता हरप्रसाद राय निवासी ग्राम बुखरा तह. बीना, श्री केशरी कुशवाहा पिता सरजू प्रसाद कुशवाहा निवासी ग्राम बुखरा तह. बीना, श्री कुदऊ कुशवाहा पिता अमान कुशवाहा निवासी ग्राम बुखरा तह. बीना, श्री भोले रजक पिता भवूती रजक निवासी ग्राम बुखरा तह. बीना एवं श्री बलराभ कुशवाहा पिता महरवान कुशवाहा निवासी प्रताप वार्ड तह. बीना के कथन अंकित किये गये। मौके पर पंचनामा बनाया गया, जो संलग्न प्रतिवेदन है।

जांच के अनुक्रम में तहसीलदार तहसील बीना से उक्त भूमि के स्वत्व एवं अधिपत्य के संबंध में जांच प्रतिवेदन लिया गया। जिसमें तहसीलदार तहसील बीना के द्वारा दिनांक 28/11/2023 को प्रतिवेदित किया कि ग्राम बुखारा की भूमि खसरा नंबर 752/1 रकवा 6.63 हे. चारागाह शासकीय भूमि है, जिस पर अनावेदक नंदराम पिता महरवान कुशवांहा निवासी प्रताप वार्ड बीना द्वारा 0.90 हे. एवं बाबूलाल पिता अनूपा आदिवासी निवासी बुखारा द्वारा 1.00 हे. भूमि पर फसल बोकर अतिक्रमण किया गया है। अतिक्रमणकर्ताओं के विरूद्ध न्यायालय तहसीलदार तहसील बीना के न्यायालय में रा.प्र.क्र. 0010/अ 68/2023–24 एवं रा.प्र.क्र. 0011/अ 68/2023–24 के तहत प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार नोटिस जारी कर अतिक्रमणकर्ताओं के विरूद्ध उक्त भूमि से अवैध कब्जे को हटाये जाने की कार्यवाही म.प्र.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 248 के अंतर्गत प्रचलित है।

उक्त की गयी शिकायत के संबंध में संयुक्त जांच दल के स्थल निरीक्षण, मौके पर उपस्थित पंचजनों के कथनों, पंचनामा, तहसीलदार बीना के प्रतिवेदन से स्पष्ट है कि ग्राम बुखारा के सर्वे क्रमांक 752/1 रकवा 6.63 हे. पर वृक्ष काटकर किसी भी प्रकार के प्राकृतिक स्वरूप में कोई छेडछाड नही की गयी है। मौके पर किसी भी प्रकार के वृक्ष कटे हुये नही पाये गये, ना ही प्रकृति, पर्यावरण, वन्यप्राणी को किसी भी प्रकार की कोई क्षति पहुचाई गयी है। ग्राम बुखारा स्थित भूमि खसरा नंबर 752/1 रकवा 6.63 हे. के अंश भाग रकवा 0.90 हे. पर अनावेदक नंदराम पिता महरवान कुशवाहा निवासी प्रताप वार्ड बीना द्वारा एवं 1.00 हे. पर बाबूलाल पिता अनूपा आदिवासी निवासी बुखारा द्वारा भूमि पर फसल बोकर अतिक्रमण किया गया है। अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही न्यायालय तहसीलदार तहसील बीना के न्यायालय में प्रचलित है।उक्त भूमि से अतिशीघ्र ही नियमानुसार अवैध अतिक्रमण हटा दिया जायेगा।

अतः प्रतिवेदन श्रीमान की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

28/11/2023

क्षेत्रीय अधिकारी
म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सागर

28/11/2023

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
बीना जिला सागर म.प्र.

अनुविभागीय अधिकारी
एवं दण्डाधिकारी बीना
जि.सागर (म.प्र.)

कार्या० - प०ह०न० 41,39, रा.नि.मं. व तह० -बीना, जि०-सागर

प्रति,

श्रीमान तहसीलदार महो०,
तह० - बीना, जि०-सागर।

विषय :- ग्राम बुखारा की शास. भूमि ख.न. 752/1 पर हुए अतिक्रमण की बेजा कब्जा रिपोर्ट बाबत्।

संदर्भ :- कार्या. श्रीमान कले० महो० एवं जिला दण्डाधिकारी महो० सागर के आदेश क्रमांक 1064/शे.का./प्रतिबे/2023 सागर दि. 21/11/2023 एवं श्रीमान अनुवि. अधि. (राजस्व) महो० बीना के आदेश दि. 22/11/2023

महो०,

उपर्युक्त संदर्भित विषयान्तर्गत लेख है कि ग्राम बुखारा पहन. 39 की शासकीय भूमि ख.न. 752/1 रकबा 6.63 हे. चारगाह शासकीय भूमि है जिसपर हुए अतिक्रमण की मौका जांच हेतु श्रीमान अनुवि. अधि. बीना द्वारा दि. 22/11/2023 को निर्देशित किया गया था। मेरे द्वारा ग्राम बुखारा जाकर उक्त शासकीय भूमि का निरीक्षण किया गया जिसपर अनावेदक नंदराम पिता महरवान कुशवाहा नि. प्रतापवार्ड बीना द्वारा 0.90 हे. एवं बाबूलाल पिता अनूप अहिरवार नि. बुखारा द्वारा 1.00 हे. पर फसल बोकर अतिक्रमण कर लिया गया है जिसकी बेजा कब्जा रिपोर्ट मय नक्शा के पृथक से इस प्रतिवेदन के साथ संलग्न है।

अतः उचितकार्यवाही हेतु प्रतिवेदन संलग्न है।

संलग्न - बेजा कब्जा रिपोर्ट (2)।

(हस्ताक्षर)
2[illegible]/11/2023
[illegible] किशोर [illegible]
प.ह.नं. 41, 39 रा.नि.मं. बीना
तह. बीना जि. सागर (म.प्र.)

# स्थल पंचनामा

हम पंचगण निवासी ग्राम कुरवारा पह.न. 39 के यह तस्दीक करते हैं कि आज दि० 24/11/2023 को श्रीमान कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी महो० सागर के आदेश क्रमांक/1064/से.का./प्रतिनो/2023 सागर दि. 21/11/23 के परिपालन में श्रीमान अनुविभागीय अधि. महो. बीना, क्षेत्रीय अधिकारी म.प्र.प्र.नि. बोर्ड सागर, श्रीमान तहसीलदार महो. बीना, हल्का पटवारी ~~का~~ द्वारा ग्राम ~~के~~ ख.न. 752/1 रकबा 6.63 हे. पर वृक्षों की कटाई एवं अतिक्रमण की जांच की गयी। मौके पर जांच में पाया गया कि उक्त भूमि पर नंदराम पिता मदरवान कुशवाहा एवं बाबूलाल पिता अनूपा आदिवासी नि. कुरवारा द्वारा अतिक्रमण कर फसल बोयी गयी है। मौके पर उपस्थित कृषकों एवं ग्रामवासियों ने बताया कि शासकीय भूमि ख.न. 752/1 रकबा 6.63 हे० पर पिछले 50 वर्षों से कोई वन या जंगल नहीं था, वह भूमि चरोखर थी जिसपर लोग अतिक्रमण करके फसल बोते आ रहे हैं। उस भूमि पर कोई वन्यप्राणी निवास नहीं करते थे। उस भूमि पर कोई पेड़ नहीं काटे गये हैं। भूमि पर 10-15 छोटे-छोटे बबूल या रेंजा के पेड़ यहां-वहां हैं एवं कुछ झाड़ियाँ हैं। मौके पर उपस्थित ग्रामवासियों के कथन लिए गये।

[illegible] 24/11/2023

24/11/2023 SDO(F), Bina

[illegible] 24/11/2023 पटवारी ह.न. 39

चंद्रभान

जमना प्रसाद

बलराम कुशवाहा

[illegible]

कुंदन

भोले

रामभरत

सुरेश कोष्टार

# कथन

दि. 24-11-2023

नाम - चन्द्रभान राय
पिता का नाम - हरप्रसाद राय
उम्र - 58
पेशा - कृषि मजदूरी

मैं शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मैं ग्राम बुखारा तहसील बीना का निवासी हूँ। मैं जन्म से ग्राम बुखारा में निवास करता हूँ। ग्राम बुखारा की शासकीय भूमि ख.न. 752/1 रकबा 6.63 हे. पर लोगों द्वारा अतिक्रमण कर कृषि कार्य किया जा रहा है। इस भूमि पर मैंने अपने जीवनकाल में कभी पेड़ या जंगल नहीं देखे हैं। इस भूमि पर कभी जंगली जानवर नहीं रहते थे। इस भूमि पर कृषि के अलावा खाली भूमि पर कच्चा रास्ता एवं घास व झाड़ियाँ हैं। इस भूमि पर 10-15 बबूल एवं रेंजा के छोटे-छोटे वृक्ष यहाँ वहाँ खड़े हैं। इस भूमि पर किसी भी प्रकार की वृक्षों की कटाई नहीं की गयी है। उपरोक्त कथन मेरी जानकारी में सही व सत्य हैं।

[हस्ताक्षर] 24/11/2023 पटवारी 41,37

चंद्रभान

कथन

दि. 24-11-2023

नाम - केशरी कुशवाहा
पिता का नाम - सरजू प्रसाद कुशवाहा
उम्र - 65 वर्ष
पेशा - कृषि
निवासी - बुखारा

मैं शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मै ग्राम बुखारा का कृषक हूँ। मैंने ग्राम बुखारा की शासकीय भूमि ख. न. 752/1 रकबा 6.63 हे. पर कभी भी वन या जंगल नहीं देखा है और न ही वहाँ कोई वन्यप्राणी का आवास देखा है। उक्त भूमि पर कभी कोई वृक्ष या पेड़ नहीं काटे गये हैं। उक्त भूमि पर से एक कच्चा रास्ता है जहाँ से कृषक कृषि कार्य हेतु निकलते हैं। इस भूमि पर लगभग 5 एकड़ पर लोगों द्वारा अतिक्रमण करके फसल बोयी गयी है शेष भूमि खाली पड़ी है जिस पर घास है कुछ झाड़ियाँ हैं एवं यहाँ वहां कुछ लगभग 10-15 बबूल के छोटे-छोटे वृक्ष हैं। इस भूमि पर कोई वृक्ष कटाई नहीं हुई है। उपरोक्त कथन मेरी जानकारी में सही व सत्य है।

केशरी

[signature]
24/11/2023
[illegible]

# कथन

दि. 24-11-2023

नाम - कुदऊ कुशवाहा
पिता का नाम - अमान कुशवाहा
उम्र - 76
पेशा - कृषि
निवासी - कुखरा

मैं शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मैं ग्राम कुखरा का स्थायी निवासी हूँ। मैं यहाँ जन्म से निवास कर रहा हूँ। मैं यहाँ कृषि कार्य करता हूँ। मैंने अपने जीवनकाल में लगभग 60 वर्षों से शासकीय भूमि ख.न. 75/1 रकबा 6.63 हे. पर कोई वन या जंगल नहीं देखा है और न ही वहाँ कोई वन्यप्राणी का आवास देखा है। उक्त भूमि पर कभी कोई वृक्ष नहीं काटे गये हैं। उक्त भूमि पर से एक कच्चा रास्ता भी निकला है। इस भूमि पर लोगों द्वारा अतिक्रमण करके फसल बोयी गयी है शेष भूमि खाली पड़ी है जिसपर घास है एवं कुछ झाड़ियाँ हैं। एवं लगभग 10-15 छोटे-छोटे बबूल के वृक्ष यहा-वहाँ हैं। इस भूमि पर कोई वृक्षों की कटाई नहीं हुई है। उपरोक्त कथन मेरी जानकारी में सही व सत्य है।

कुदऊ

[signature]
24/11/2023
[illegible]

<u>कथन</u> दि. 24.11.2023

नाम - भोले रजक
पिता का नाम - मखूती रजक
उम्र - 57
पेशा - कृषि
निवासी - बुखारा

मैं शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मैं ग्राम बुखारा का मूल निवासी हूँ। मैं यहाँ जन्म से निवास कर रहा हूँ। मैं यहाँ कृषि कार्य करता हूँ। मैंने अपने जीवनकाल में ग्राम की शासकीय भूमि ख.न. 752/1 रकबा 6.63 पर कोई वन या जंगल नहीं देखा है और न ही उस भूमि पर कभी वन्य प्राणी का आवास रहा है। उक्त भूमि पर कोई वृक्ष नहीं काटे गये हैं। उक्त भूमि पर एक कच्चा रास्ता है। इस भूमि पर लोगों द्वारा अतिक्रमण करके फसल बोयी गयी है। शेष भूमि खाली पड़ी है जिस पर घास है एवं कुछ झाड़ियाँ हैं। इस भूमि पर कोई वृक्षों की कटाई नहीं हुई है। उपरोक्त कथन मेरी जानकारी में सही व सत्य है।

भोले

दि. 24/11/2024

24/11/2023
11.37

# कथन

दि. 24.11.2023

नाम - बलराम कुशवाहा
पिता का नाम - श्री महरबान कुशवाहा
उम्र - 43
पेशा - कृषि
निवासी - प्रतापवार्ड बीना

मैं शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मैं ग्राम बुखारा में कृषि कार्य करता हूं। मैं अपनी निजी कृषि भूमि पर कृषि कार्य करता हूँ। ग्राम की शासकीय भूमि ख.न. 752/1 रकबा 6.63 हे. पर मेरे द्वारा कोई अतिक्रमण या कृषि कार्य नहीं किया गया है। मेरे द्वारा उक्त शासकीय भूमि पर कोई वृक्ष नहीं काटे गये हैं। मैंने अपने जीवनकाल में कभी भी ख.न. 752/1 पर वन या जंगल नहीं देखा है। इस भूमि पर कोई वन्यप्राणी का निवास नहीं रहा है। उक्त भूमि पर अन्य लोगों के द्वारा अतिक्रमण कर फसल बोई जाती थी। मेरे द्वारा कोई फसल नहीं बोयी गयी है न ही कोई वृक्ष काटे गये हैं। उपरोक्त कथन मेरी जानकारी में सही व सत्य हैं।

बलराम कुशवाहा

24/11/2023
[illegible] 11.39

# कार्यालय तहसीलदार, तहसील–बीना जिला सागर (म.प्र.)

क्रमांक /1316/प्रवा.तह./2023 बीना दिनांकः– 28/11/2023

प्रति,

श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी महोदय
अनुभाग बीना जिला सागर म.प्र.

विषय – शासकीय भूमि पर पंजा एवं कुल्हाडी चला कर बेजा कब्जा किये जाने विषयक।

संदर्भ – शिकायकर्ता श्री देवेन्द्र कुमार राय निवासी ग्राम बुखरा तह. बीना की शिकायत के जांच के संबंध में।

–––000–––

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख हैं कि शिकायतकर्ता श्री देवेन्द्र कुमार राय निवासी ग्राम बुखरा तह. बीना द्वारा ग्राम बुखारा तह. बीना स्थित भूमि सर्वे नंबर 752/1 में क्षेत्रफल 6.6300 हे. शासकीय भूमि पर नंदराम कुशवाहा पिता स्व. मेहरबान कुशवाहा एवं बलराम कुशवाहा पिता स्व. मेहरबान दोनो निवासी ग्राम बुखारा तहसील बीना के द्वारा शासकीय भूमि पर बेजा कब्जा करने के उददेश्य से प्रश्नाधीन शासकीय भूमि के प्राकृतिक स्वरूप से छेड–छाड करते हुये कुल्हाडी एवं ट्रेक्टर क्रमांक एम.पी 15 एल 5771 से प्रश्नाधीन शासकीय भूमि पर प्राकृतिक रूप से लगे हुये पेड–पौधो को नष्ट किया गया। शिकायतकर्ता द्वारा उक्त भूमि को संरक्षित कर शासकीय भूमि पर कृषि कार्य पर रोक लगाये जाने एवं बेजा कब्जा मुक्त कराकर अतिक्रमण करने वाले एवं पर्यावरण को क्षति पहुंचाने वालो के विरूद्ध सख्त कार्यवाही किये जाने से संबंधित शिकायत नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल कोर्ट भोपाल में की गयी है।

उक्त शिकायत श्रीमान के माध्यम से जांच हेतु प्राप्त। उक्त संबंध में हल्का पटवारी 39 ग्राम बुखारा से जांच प्रतिवेदन प्राप्त किया गया। हल्का पटवारी द्वारा प्रतिवेदित किया कि ग्राम बुखारा की शासकीय भूमि खसरा नंबर 752/1 रकवा 6.63 हे. चारागाह शासकीय भूमि है। जिस पर अनावेदक नंदराम पिता महरवान कुशवाहा निवासी प्रताप वार्ड बीना द्वारा 0.90 हे. एवं बाबूलाल पिता अनूपा आदिवासी निवासी बुखारा द्वारा 1.00 हे. भूमि पर फसल बोकर अतिक्रमण किया गया है।

उक्त संबंध में अतिक्रमणकर्ताओं के विरूद्ध न्यायालय तहसीलदार तहसील बीना के रा.प्र.क्र. 0010/अ 68/2023–24 एवं रा.प्र.क्र. 0011/अ 68/2023–24 के तहत प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार नोटिस जारी कर अतिक्रमर्ताओं के विरूद्ध उक्त भूमि से अवैध कब्जे को हटाये जाने की कार्यवाही प्रचलित है। उक्त भूमि से अतिशीघ्र अवैध कब्जे को हटा दिया जायेंगा।

अतः प्रतिवेदन श्रीमान की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है।

तहसीलदार 28/11/2023
तहसील बीना


GPS Map Camera
Gungi, Madhya Pradesh, India
Unnamed Road, Gungi, Madhya Pradesh 470118, India
Lat 24.23495°
Long 78.262938°
24/11/23 01:50 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Gungi, Madhya Pradesh, India
Unnamed Road, Gungi, Madhya Pradesh 470118, India
Lat 24.23495°
Long 78.262938°
24/11/23 01:50 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Gungi, Madhya Pradesh, India
Unnamed Road, Gungi, Madhya Pradesh 470118, India
Lat 24.23495°
Long 78.262938°
24/11/23 01:50 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Gungi, Madhya Pradesh, India
Unnamed Road, Gungi, Madhya Pradesh 470118, India
Lat 24.234955°
Long 78.262938°
24/11/23 01:50 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Gungi, Madhya Pradesh, India
Unnamed Road, Gungi, Madhya Pradesh 470118, India
Lat 24.234955°
Long 78.262938°
24/11/23 01:50 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Google
Gungi, Madhya Pradesh, India
Unnamed Road, Gungi, Madhya Pradesh 470118, India
Lat 24.234909°
Long 78.262867°
24/11/23 01:51 PM GMT +05:30


GPS Map Camera
Gungi, Madhya Pradesh, India
Unnamed Road, Gungi, Madhya Pradesh 470118, India
Lat 24.234878°
Long 78.262883°
24/11/23 01:51 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Google
Gungi, Madhya Pradesh, India
Unnamed Road, Gungi, Madhya Pradesh 470118, India
Lat 24.234878°
Long 78.262883°
24/11/23 01:51 PM GMT +05:30


GPS Map Camera
Gungi, Madhya Pradesh, India
Unnamed Road, Gungi, Madhya Pradesh 470118, India
Lat 24.234952°
Long 78.2629°
24/11/23 01:51 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Gungi, Madhya Pradesh, India
Unnamed Road, Gungi, Madhya Pradesh 470118, India
Lat 24.234952°
Long 78.2629°
24/11/23 01:52 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Gungi, Madhya Pradesh, India
Unnamed Road, Gungi, Madhya Pradesh 470118, India
Lat 24.234977°
Long 78.262893°
24/11/23 01:52 PM GMT +05:30
Google



GPS Map Camera
Gungi, Madhya Pradesh, India
Unnamed Road, Gungi, Madhya Pradesh 470118, India
Lat 24.234862°
Long 78.262992°
24/11/23 01:53 PM GMT +05:30
Google



GPS Map Camera
Gungi, Madhya Pradesh, India
Unnamed Road, Gungi, Madhya Pradesh 470118, India
Lat 24.234862°
Long 78.262992°
24/11/23 01:53 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Gungi, Madhya Pradesh, India
Unnamed Road, Gungi, Madhya Pradesh 470118, India
Lat 24.234847°
Long 78.263006°
24/11/23 01:54 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Gungi, Madhya Pradesh, India
Unnamed Road, Gungi, Madhya Pradesh 470118, India
Lat 24.234847°
Long 78.263006°
24/11/23 01:54 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Gungi, Madhya Pradesh, India
Unnamed Road, Gungi, Madhya Pradesh 470118, India
Lat 24.234847°
Long 78.263006°
24/11/23 01:54 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Gungi, Madhya Pradesh, India
Unnamed Road, Gungi, Madhya Pradesh 470118, India
Lat 24.234852°
Long 78.262999°
24/11/23 01:57 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Google
Gungi, Madhya Pradesh, India
Unnamed Road, Gungi, Madhya Pradesh 470118, India
Lat 24.234852°
Long 78.262999°
24/11/23 01:57 PM GMT +05:30